डार्क पैटर्न

डार्क पैटर्न

"डार्क पैटर्न" आमतौर पर ऑनलाइन यूज़र इंटरफ़ेस में पाए जाने वाली विभिन्न प्रकार की पद्धतियों को संदर्भित करता है जो उपभोक्ताओं को ऐसे विकल्प चुनने के लिये प्रेरित करता है जो अक्सर उनके सर्वोत्तम हित में नहीं होते हैं।

इस पद का सर्वप्रथम प्रयोग

- हैरी ब्रिग्नुल, एक यूज़र एक्सपीरियंस (UX) डिज़ाइनर, द्वारा वर्ष 2010 में

उद्देश्य - ग्राहकों को

- अधिक-से-अधिक खरीददारी के लिये प्रेरित करना
- किसी खरीदारी पर अधिक धन या किसी सेवा पर आवश्यकता से अधिक समय खर्च करने के लिये प्रेरित करना
- आवश्यकता से अधिक डेटा प्रदान करने के लिये प्रेरित करना

डार्क पैटर्न (श्रेणी)	अर्थ
जबरन कार्रवाई	इच्छा से अधिक व्यक्तिगत डेटा का खुलासा
इंटरफ़ेस हस्तक्षेप	व्यवसाय के अनुकूल विकल्पों की दृश्य प्रमुखता
नैगिंग	व्यवसाय को लाभ पहुँचाने के लिये सेटिंग बदलने का बार-बार अनुरोध
बाधा	किसी सेवा को रद्द करना कठिन
बास्केट स्नीकिंग	अंतिम चरण में लेनदेन के दौरान गैर-वैकल्पिक शुल्क जोड़ना
सामाजिक प्रमाण	अन्य उपभोक्ताओं की क्रय गतिविधियों की सूचना
झूठी तात्कालिकता	सौदे की समाप्ति का संकेत देने वाला काउंटडाउन टाइमर

उपभोक्ता पर प्रभाव

- उपभोक्ता की स्वायत्तता और गोपनीयता को नुकसान
- समय एवं आर्थिक हानि
- मनोवैज्ञानिक नुकसान
- कम उपभोक्ता विश्वास और जुड़ाव
- कमज़ोर या विकृत प्रतिस्पर्धा

डार्क पैटर्न का पता लगाने/कम करने/हटाने के उपाय

- कुकी ग्लासेज
- ग्लोबल प्राइवेसी कंट्रोल
- कंसेंट-ओ-मैटिक एक्सटेंशन
- ट्रूबिल

विनियम

- अंतर्राष्ट्रीय:
  - उपभोक्ता वित्तीय संरक्षण अधिनियम, 2010 (अमेरिका)
  - उपभोक्ता अनुबंध (सूचना रद्दीकरण और अतिरिक्त शुल्क) विनियम, 2013 (यूरोपीय संघ और यूनाइटेड किंगडम)
- भारत:
  - नियम: डार्क पैटर्न की रोकथाम और नियमों के लिये मसौदा दिशानिर्देश, 2023

उपभोक्ताओं की पसंद को प्रभावित करने के लिये अपने यूज़र इंटरफेस में "डार्क पैटर्न" लागू करने वाले व्यवसायों को "उपभोक्ता अधिकारों" (उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019) का उल्लंघन माना जाता है।

आवश्यक कदम

- डार्क पैटर्न के प्रति उपभोक्ता की सुभेद्यता को संबोधित करना
- उपभोक्ता-अनुकूल डिजिटल विकल्प आर्किटेक्चर को बढ़ावा देना
- नियामक मार्गदर्शन जारी करना
- डार्क पैटर्न पर कार्रवाई करने हेतु नियामक प्राधिकरणों को सशक्त बनाना

Drishti IAS

और पढ़ें: डार्क पैटर्न

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/dark-patterns-2